# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ –226007**

निपुण भारत

**वेब-साइट:** www.basiceducation.up.gov.in, **ई-मेल:** upefaspo@gmail.com **दूरभाष:** 0522-4024440, 2780384, 2781128


*अनुस्मारक– III*

सेवा में,

1. जिला विद्यालय निरीक्षक,
   समस्त जनपद, उ0प्र0।

2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांकः गुण0वि0/इको क्लब/ 947 /2026–27 दिनांकः 14.5 2026

**विषयः "Eco Clubs for Mission LiFE" नोटीफिकेशन फार्म अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक–9850/2025–26 दिनांक 23 मार्च, 2026 एवं अनुस्मारक पत्रांक–327/2026–27 दिनांक 17 अप्रैल, 2026 तथा अनुस्मारक पत्रांक–485/2026–27 दिनांक 23 अप्रैल, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्रों के माध्यम से शिक्षा मंत्रालय, भारत द्वारा प्रेषित निर्देशों के क्रम में समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा "Eco Clubs for Mission LiFE" के गठन की विद्यालयवार गहन समीक्षा करते हुये प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अप्रैल, 2026 तक शत–प्रतिशत विद्यालयों के नोटीफिकेशन संबंधी सूचना भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

2– शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित "Eco Clubs for Mission LiFE" पोर्टल से प्राप्त सूचना के क्रम में दिनांक 23 अप्रैल, 2026 एवं दिनांक 11 मई, 2026 के अनुसार जनपदवार अद्यतन प्रगति का तुलनात्मक विवरण संलग्न है (**संलग्नक–1**)। ।

3– शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित "Eco Clubs for Mission LiFE" पोर्टल से प्राप्त सूचना दिनांक 11 मई, 2026 के अनुसार जनपदवार अद्यतन प्रगति संलग्न है (**संलग्नक–2**)। उक्तानुसार निम्नलिखित जनपदों की प्रगति अत्यन्त न्यून है:–

| क्रम | 45% से कम प्रगति वाले जनपद | 55% से कम प्रगति वाले जनपद |
|---|---|---|
| 1. | मुजफ्फरनगर, आजमगढ़, आगरा, कुशीनगर, मुरादाबाद, गाजीपुर, वाराणसी, महराजगंज, हापुड़, मेरठ, कानपुर नगर, मीरजापुर, मैनपुरी, एवं लखनऊ। | सहारनपुर, हाथरस, जौनपुर, गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या, बदायूँ, महोबा, अमरोहा, मऊ, चंदौली, रामपुर, कन्नौज, गाजियाबाद, प्रयागराज, देवरिया, गोण्डा, शामली, कौशाम्बी, बांदा, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बलरामपुर, बहराइच, बरेली, बिजनौर, औरैया, संतकबीर नगर, फर्रूखाबाद, गोरखपुर, भदोही, हमीरपुर, फिरोजाबाद, इटावा, अम्बेडकर नगर, एटा, बाराबंकी, बस्ती, सम्भल, शाहजहांपुर, जालौन, मथुरा, झांसी, बुलन्दशहर, फतेहपुर एवं रायबरेली। |

उक्त के संबंध में विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से निरन्तर अनुश्रवण किये जाने के बावजूद पोर्टल से प्राप्त डेटा के विश्लेषण से यह संज्ञान में आया है कि **जनपदों में अधिकांशतः मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा नोटीफिकेशन फार्म पूरित कराते हुये शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।** इससे यह स्पष्ट है कि आप द्वारा "Eco Clubs for Mission LiFE" संबंधी नोटीफिकेशन की प्रगति की नियमित समीक्षा नहीं की जा रही है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। अतः उक्त के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्देशित किया जाता है :–

**1.** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रेषित दिशा–निर्देशों के क्रम में समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा "Eco Clubs for Mission LiFE" के गठन की विद्यालयवार गहन समीक्षा करते हुये **दिनांक 20 मई, 2026 के पूर्व तक** शत–प्रतिशत विद्यालयों के नोटीफिकेशन संबंधी सूचना भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

**2.** जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ **03 दिवस के अन्दर** समीक्षा बैठक आहूत किये जाने हेतु प्रेषित निर्देशों के क्रम में जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार अद्यतन केवल **44 जनपदों (संलग्नक–3)** द्वारा ही समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। **शेष 31 जनपदों (अलीगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, बदायूँ, चंदौली, एटा, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, अमरोहा, कन्नौज, कासगंज, कुशीनगर, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रायबरेली, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, सोनभद्र एवं वाराणसी)** द्वारा अद्यतन समीक्षा बैठक आहूत नहीं की गयी है। तत्क्रम में निर्देशित किया जाता है कि **दिनांक 20 मई, 2026 के पूर्व** मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत करना सुनिश्चित करें।

**3.** खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने विकासखण्ड के मान्यता प्राप्त विद्यालयों की प्रगति का दैनिक अनुश्रवण करते हुये नोटीफिकेशन संबंधी सूचना अपलोड करायी जाये। इस संबंध में समस्त ए0आर0पी0 को न्यूनतम 10 विद्यालयों का नोटीफिकेशन फार्म पोर्टल पर अपलोड कराये जाने हेतु लक्ष्य भी निर्धारित किया जाये।

**4.** राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के क्रम में विद्यालय में उपयुक्त स्थान पर "Eco Clubs for Mission LiFE" के गठन का नोटीफिकेशन प्रदर्शित (Display) किया जाये।

**5.** पोर्टल पर "Eco Clubs for Mission LiFE" के नोटीफिकेशन के अपलोड किये जाने की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा **आगामी सप्ताह** में की जायेगी।

कृपया उपर्युक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

संलग्नकः उक्तवत्।

भवदीय,

(प्रेम रंजन सिंह )
अपर राज्य परियोजना निदेशक

पृष्ठांकन संख्याः गुण0वि0 / इको क्लब / /2025–26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश ।
3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), पार्क रोड, लखनऊ।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक), बेसिक शिक्षा निदेशालय, निशातगंज, लखनऊ, उ0प्र0।
5. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ, उ0प्र0।
6. अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा (माध्यमिक), उ0प्र0।
7. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज।
8. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
9. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
10. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
11. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण / बालिका शिक्षा), समग्र शिक्षा, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

(प्रेम रंजन सिंह)
अपर राज्य परियोजना निदेशक